प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर हथियार जमा नहीं करनेवालों का लाइसेंस रद्द करने का दिया आदेश।

2. नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा– राज्य की सभी 14 लोकसभा और गांडेय विधानसभा सीट पर जीतेगा एनडीए, झामुमो ने सिंहभूम से जोबा मांझी और राजमहल से विजय हांसदा को बनाया उम्मीदवार।

3. शेल कंपनियां बनाकर पांच हजार करोड़ से अधिक के फर्जी लेने देन के मामले में जमशेदपुर की जीएसटी इंटेलिजेन्स टीम ने कोलकाता से दो भाइयों को किया गिरफ्तार।

4. राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से छाये हैं बादल, आज और कल राज्य के दक्षिणी भागों में गरज और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

5. रांची में 30 अप्रैल से शुरू होगा राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण का आयोजन, देशभर की आठ टीमें होंगी शामिल।

********************

चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव में स्वच्छ और भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने के लिए सभी हिस्ट्रीशीटरों और वारंटियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने ऐसे सभी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 24 अप्रैल तक रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। श्रीकुमार कल राज्य के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत शस्त्र जमा कराने के निर्देश का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि हथियार जमा नहीं करनेवालों के लाइसेंस रद्द किये जायें। उन्होंने लाइसेंसधारियों को शस्त्र रखने की छूट दिए जाने की स्थिति में स्क्रीनिंग समिति की बैठक कर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तमिलनाडु के वेल्लोर में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी धर्मपुरी से गठबंधन की सहयोगी पीएमके पार्टी की उम्मीदवार सौम्या अम्बुमणि के समर्थन में प्रचार करेंगे। वह एक और सहयोगी दल के नेता एसी षणमुगम के समर्थन में भी प्रचार करेंगे जो भाजपा के चुनाव चिन्ह पर वेल्लोर से चुनाव लड रहे हैं।

********************

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कल रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव नहीं कराने के पीछे सरकार की मंशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है। श्रीबाउरी ने कहा कि एनडीएस राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज करेगा।

********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य की दो लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों की कल घोषणा कर दी। पार्टी ने सिंहभूम सीट पर पूर्व मंत्री जोबा मांझी को टिकट दी है। वहीं झामुमो ने वर्तमान सांसद विजय हांसदा को इस बार भी राजमहल संसदीय सीट पर टिकट दी है।

********************

लोहरदगा जिले में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए स्वीप के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

********************

शेल कंपनियां बनाकर पांच हजार करोड़ से अधिक के फर्जी लेन–देन के मामले में जमशेदपुर सेंट्रल एक्साइज जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने कोलकाता के साल्ट लेक सेक्टर में छापामारी कर जुड़वा भाई अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सेंट्रल एक्साइज जीएसटी इंटेलिजेंस विभाग के अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में लगभग तीन हजार करोड़ के फर्जी चालान के माध्यम से कारोबार की पुष्टि हो गई है। जिसकी एवज में साढ़े पांच सौ करोड रुपए से अधिक की राशि दोनों भाइयों ने अवैध रूप से हासिल की है। शेल कंपनियां बनाकर दोनों भाइयों ने अपना नेटवर्क पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, दिल्ली समेत विदेश में चीन तक फैला रखा है। उन्होंने बताया कि जांच का दायरा बढ़ाने पर पांच हजार करोड़ से अधिक का मामला सामने आएगा। उन्होंने बताया कि हवाला ऑपरेटर की मदद से दोनों भाई चीन भागने की तैयारी में थे।

********************

- जमशेदपुर में पुलिस ने दो अलग–अलग मामले में फरार चल रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिदगोड़ा के मनप्रीत सिंह हत्याकांड में पूरण चौधरी को गिरफ्तार किया गया है।
- हजारीबाग में रामनवमी को लेकर एक सौ अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ उपायुक्त नैंसी सहाय ने संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक कर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं आदर्श आचार संहिता के भी पालन करने का निर्देश दिया।
- सरायकेला खरसावां में 11, 12 और 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजकीय चैत्र पर्व–छऊ महोत्सव को लेकर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में कल बैठक हुई।
- पाकुड़ स्थित कांग्रेस भवन में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की ओर से कल इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।
- देवघर में जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में कल समाहरणालय में बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया।

********************

राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग ने आज और कल रांची सहित सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, बोकारो, धनबाद, रामगढ़ में गरज और तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

********************

हॉकी इंडिया की ओर से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का कल अनावरण किया गया। यह राष्ट्रीय लीग दो चरणों में आयोजित की जाएगा। लीग के पहले चरण की शुरूआत 30 अप्रैल से रांची में होगी। इसमें 8 टीमें रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में मैच खेलेंगी। इस प्रतियोगिता में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शीर्ष आठ में रहने वाली टीमें भाग लेंगी, जिसमें हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा शामिल हैं। हॉकी इंडिया द्वारा जारी मैच शेड्यूल के अनुसार, 30 अप्रैल से 10 मई तक चलने वाले इस राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में हर दिन 4–4 मैच खेले जाएंगे।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने झामुमो उम्मीदवार की घोषणा और फर्जी डीड बनाने वाले सद्दाम हुसैन की गिरफ्तारी की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर लिखता है– गीता के खिलाफ झामुमो से जोबा, राजमहल से विजय हांसदा पर दांव।

हिन्दुस्तान ने लिखा है जोबा सिंहभूम तो विजय राजमहल से उम्मीदवार।

दैनिक भास्कर ने ईडी के हवाले से लिखा है– सद्दाम ने कोलकाता में बनाई थी हेमन्त के कब्जे वाले दो प्लॉट की फर्जी डीड।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – हेमन्त मामले में इडी ने फर्जी कागजात बनाने वाले सद्दाम को लिया रिमान्ड पर।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– मोहम्मद सद्दाम गिरफ्तार, चार दिनों की इडी रिमान्ड।

और रांची एक्सप्रेस ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की बैठक की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के दिल्ली उच्च न्यायालय से खारिज होने की खबर को प्रमुखता दी है।

********************